कार्यालय–कुलसचिव
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–02

संख्या :१०५।/अदम/जी0ए0/2020 दिनांक : जनवरी 23,2020

कार्यालय–ज्ञाप

मा0 राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार "पढ़े कानपुर बढ़े कानपुर" विषयगत दिनांक 24.01.2020 को प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य जनपद के समस्त शैक्षिक सस्थानों में कार्यक्रम का आयोजन एवं मनाये जाने के आदेश प्रसारित किये गये हैं।

उक्त के कम में विश्वविद्यालय में पढ़ने की अभिरूचि बढ़ाये जाने के उद्देश्य से समस्त छात्र–छात्राएं, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, सेवानिवृत्त शिक्षक एवं अभिभावकगण निर्धारित तिथि एवं समय पर अपनी स्वेच्छानुसार पाठ्य–पुस्तक अथवा अपनी अभिरूचि के अनुसार अध्ययन करेगें साथ ही विश्वविद्यालय कार्यालयों के कर्मचारी भी निर्धारित तिथि एवं समय पर शासनादेशों/नियमावलियों/परिनियमावलियों इत्यादि को पढ़ेगें। जिससे कि अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मियों में पुस्तकों को पढ़ने की अभिरूचि बढ़ेगी एवं इस प्रकार के अभियान समाज के लिए अति–उपयोगी होगें।

अतः अनुरोध है कि समस्त विभागाध्यक्ष अपने–अपने विभागों में विषयगत कार्यक्रम को सम्पन्न कराये जाने के उपरान्त तत्काल कार्यक्रम में सम्मिलित छात्रों की संख्या सहित अपनी आख्या/फोटो/वीडियो अद्योहस्ताक्षरी की ई–मेल (registrarhbtu@gmail.com) पर प्रेषित करेंगे एवं विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उक्त समयान्र्तगत कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु विश्वविद्यालय के सभागार में एकत्रित होने का कष्ट करें।

(डा0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त अधिष्ठाता /विभागाध्यक्ष /अनुभाग प्रभारी/ कार्यशालाधीक्षक / पुस्तकालयाध्यक्ष/ चिकित्साधिकारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. वित्त नियंत्रक/परीक्षा नियंत्रक एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. कुलसचिव कार्यालय, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
5. अधिष्ठाता, शैक्षिक कियाकलाप को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त समयान्र्तगत कार्यक्रम सम्पन्न कराने हेतु कक्षाओं को स्थगित रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को इस आशय के साथ प्रेषित की समस्त छात्र–छात्राओं एवं सम्बन्धित छात्रावासों में उपरोक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में संज्ञानित कराने का कष्ट करें।
7. अध्ययक्ष, रखरखाव को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त कार्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय के सभागार में अधिकारियों/शिक्षको/कर्मचारियों की बैठनें आदि समस्त व्यवस्था से सम्बन्धित तैयारियों को समयानुसार पूर्ण कराने का कष्ट करें।
8. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0 को इस आशय के साथ कि उपरोक्त कार्यक्रम से सम्बन्धित सूचना एवं फोटो/वीडियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
9. कुलसचिव, सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय, कानपुर।

(डा0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव

Scanned by CamScanner